>

Title: Need to frame sugar export policy in the interest of sugar mills, farmers and also to ensure monitoring of implementation of the policy.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा): देश में गन्ना का उत्पादन हो रहा है, देश में चीनी मिलों के माध्यम से लोगों को अप्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला हुआ है एवं चीनी मिलों के माध्यम से चीनी के अलावा जो पदार्थ निकल रहे हैं उनसे पैट्रोलियम पदार्थ एवं ऊर्जा संबंधी तत्वों एवं अन्य वस्तुओं का उत्पादन भी हो रहा है एवं काफी बड़ी सीमा में इनका उत्पादन हो सकता है। सरकार चीनी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए चीनी के निर्यात नीति की घोषणा करती है उसमें काफी कमियां होती हैं जिनके कारण चीनी उद्योग एवं गन्ना उत्पादित किसानों के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चीनी निर्यात का जो लक्ष्य रखा जाता है इसके लिए जो स्वीकृति दी जाती है उसमें मानीटरिंग का कोई कार्य नहीं होता है।

सरकार से अनुरोध है कि चीनी संबंधी निर्यात नीति को देश के हित में, चीनी मिलों के हित में एवं किसानों के हित में बनाया जाये और इस पर निगरानी कार्य भी सख्ती से किया जाये।